(ख) क्या इस प्रणाली से अपराधों की रोक थाम करने में मदद मिली है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस प्रणाली को पूरे देश में शुरू करने का है; और

(घ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं तो, उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) प्रणाली को परीक्षाणात्मक आधार पर पश्चिम जिले में शुरू किया गया है ।

(ख) दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए विभिन्न अन्य उपायों के साथ-साथ इस प्रणाली से अपराधों को कम करने में सहायता मिली है।

(ग) और (घ). राज्य सरकारें प्रणाली को अपनाने के लिए सक्षम है ।

सिरोही जिले के बनास में सीमेंट उद्योग की स्थापना

6860. **श्री विरदा राम फुलवारिया:** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) राजस्थान में सिरोही जिले के "बनास" में लगाई जा रही सीमेंट फैक्टरी में कब तक उत्पादन शुरू हो जाएगा ;

(ख) उसकी उत्पादन-क्षमता कितनी होगी और राजस्थान को उत्पादन का कितने प्रतिशत भाग आवंटित किया जायेगा ; और

(ग) इस फैक्टरी में राजस्थान में कितने लोगों को रोजगार मिलने की सम्भावना है और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए क्या मानदण्ड अपनाए जायेंगे ;

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चरणजीत चानना) : (क) और (ख). मे० स्ट्रा प्रोडक्टस लि० नामक उद्यम द्वारा प्रस्तुत की गई प्रगति रिपोर्टों के अनुसार बनास में 5 लाख मी० टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले एक नए सीमेंट संयंत्र के 1982–83 तक चालू हो जाने की सम्भावना है । इस कारखाने में तैयार किये जाने वाले सीमेंट के वितरण की प्रणाली के बारे में इस समय बता सकना कठिन है क्योंकि कारखाने में उत्पादन शुरू होने के समय सीमेंट की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उसका वितरण समूचे देश के आधार पर किया जाता है ।

(ग) पार्टी द्वारा औद्योगिक लाइसेंस की मंजूरी के लिए दिए गए आवेदन के अनुसार 575 व्यक्तियों को सीधा रोजगार मिल सकेगा। यह कारखाना जो निजी क्षेत्र में है, भर्ती के मामले में स्वयं अपने मानदण्ड अपनाएगा, अतएव, इस कारखाने में रोजगार प्रदान करने सम्बन्धी मानदण्ड के बारे में बता सकना सम्भव नहीं है ।

Lathi Charge on Students of Atma Ram Sanatan Dharam College, New Delhi.

6861. SHRI AMAR ROY PRADHAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there was a Police lathi charge on the students of the Atma Ram Sanatan Dharam College, Dhaula Kuan, New Delhi on the 5th March, 1981;

(b) if so, the details thereof;

(c) the number of students injured and arrested by the policy; and

(d) what action Government have taken to remove the students' grievances?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) and (b). No, Sir. However, to